

## एक नजर में

### शिवनारायण गुर्जर झाड़मऊ मण्डलम अध्यक्ष



जीरापुर 05 अप्रैल, सं. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अन्तर्गत झाड़मऊ मण्ड़लम अध्यक्ष पद पर जनपद सदस्य शिवनारायण गुर्जर मुंड़ी को मानोनित किया गया. इस अवसर पर बैठक का आयोजन भी हुआ जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई. वहीं पर सर्वानुमति से कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष प्रियव्रतसिंह ने झाड़मऊ मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया. इनके मनोनयन पर कांग्रेस के कार्यकताओं नेताओं, जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी. जनपद सदस्य गुर्जर ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे कांग्रेस ने दी उसका ईमानदारी से निर्वहन करूंगा. पार्टी हित कि हर गतिविधियों को सक्रियता से कार्य कर आगे बढ़ायेंगे.

### नवनियुक्त मण्डलम अध्यक्षों का स्वागत किया

**नवभारत न्यूज, लखनवास 05 अप्रैल, सं.** ब्यावरा में कृष्णा पेंट हार्डवेयर टीम की ओर से कांग्रेस कमेटी ब्यावरा, सुठालिया ब्लॉक अध्यक्ष धीरप सिंह सौंधिया एवं कपिल शिवहरे ब्यावरा शहर कांग्रेस अध्यक्ष व विधानसभा के सभी नवनिर्वाचित मंडलम अध्यक्ष का स्वागत किया गया. सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने कांग्रेस पार्टी के लिए काम करना दिन-रात एवं पार्टी को ऊपर उठने के लिए योजना बनाई. स्वागत करने वालों में कृष्ण पेंट हार्डवेयर एवं उनके सहयोगी, दिलीप बना, बलराम बना, नेपाल बना, पुरुषोत्तम वर्मा, रोहित यादव, रामदयाल वर्मा, रामसिंह रसोनिया आदि शामिल रहे.

### वार्ड-वार्ड में कांग्रेस का जन जागरुकता अभियान

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 05 अप्रैल, का.** आगामी 10 अप्रेल को कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका ब्यावरा का घेराव किया जाएगा. इसके पूर्व युवा कांग्रेस द्वारा 1 से 7 अप्रैल तक नगर के वार्डो में पहुंचकर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. अलग अलग वार्डो, गली मोहल्लों में कार्यकर्ताओं द्वारा जाकर समस्याओं के लिए 10 अप्रैल को नपा के घेराव कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया जा रहा है. जिला युवा कांग्रेस द्वारा वार्ड क्रमांक 18, वार्ड 17 तथा वार्ड 9 एवं 10 में जन जागरूकता अभियान किया गया. जन जागरुकता अभियान में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हो रहे है.

### अध्यापक संघ की बैठक आयोजित

**राजगढ़ 05 अप्रैल, का.** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला राजगढ़ की जिला स्तरीय संयुक्त बैठक मिडवे ट्रीट पर सुरेश दांगी, भगवान सिंह राणावत, चंदर सिंह तोमर, हेमराज शर्मा, रमेश चंद्र मालवीय, बलवंत सोधिया, जगदीश भलवाला, कमलेश साहू, राजेंद्र सिंह खिंची उपस्थित रहे. संयुक्त मोर्चा का निर्णय दिनांक 06 अप्रैल को ब्लॉक जीरापुर में चंदर सिंह तोमर बैठक लेंगे शेष जिला के अन्य ब्लॉकों में 07 अप्रैल को मोर्चा के जिलाध्यक्ष ब्लॉकवार बैठक लेंगे. 08 अप्रैल को जिला में 11 अप्रैल को ब्लॉक में एवं दिनांक 18 अप्रैल को राजधानी भोपाल में पूरे प्रदेश के अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले शिक्षक उपस्थित होंगे.

# पार्किंग की जगह नहीं, बाइकों से बाजार चोक हुआ

## शादी ब्याह, सम्मेलनों के चलते होने लगी खरीददारी, वाहन, ठेले, दुकानों के आगे रखा सामान आवागमन में बाधक

### बाजार में बढ़ी भीड़, अव्यवस्थाएं हावी, परेशानियों के बीच बाजार में खरीददारी



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 05 अप्रैल, का. अक्षय तृतीया, शादी ब्याह का सीजन होने से बाजार में ग्राहकी में तेजी आना शुरु हो गई है. भीड़भाड़ के बीच बाजार की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. वहीं इस सब के बीच पार्किंग की जगह नहीं होने से बाजार के बीच सड़कों पर बाईके खड़ी होने से गलियां चोक हो रही है. इससे पैदल बाजार करने वाली महिलाओं और लोगों को काफी दिक्कतें होती है.**

रविवार को मैन मार्केट सहित बाजार में ग्राहकों की काफी भीड़ रही. परन्तु बाजार में व्याप्त अव्यवस्थाओं के कारण खरीददारी के लिए आने वाले ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. अप्रैल और मई माह में काफी मात्रा में शादी ब्याह, विवाह सम्मेलन के आयोजन है. आगामी दिवस में अक्षय तृतीया भी है. इसको देखते हुए बाजार में ग्राहकी में तेजी आना शुरु हो गई है. रविवार को बाजार में अच्छी खासी भीड़भाड़ रही. दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी थी. मैन मार्केट, सुठालिया रोड, सुभाष चौक में अच्छी ग्राहकी देखी गई.

### पैदल निकलने की जगह नहीं

बाजार में ग्राहकों की भीड़ के बीच सड़क पर वाहन, हाथ ठेले खड़े रहने तथा दुकानों के काफी आगे तक अव्यवस्थित रुप से सामान रखा होने से आने-जाने वालों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है. अधिक भीड़भाड़ के समय भी बाजार की अव्यवस्थाएं हावी है. जिसका खामियाजा खरीददारी के लिए आने वालों को उठाना पड़ रहा है. अक्षय तृतीया को लेकर बाजार में आगामी दिनों में कहीं अधिक ग्राहकी बाजार में बढ़ने के आसार है. ऐसे में अव्यवस्थाओं के कारण परेशानी भी बढ़ेगी. समय के पूर्व यदि मैन मार्केट में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर करने गंभीरता के साथ प्रयास किए जाये तो काफी कुछ राहत मिल सकती है.

### कोई हादसा हुआ तो कैसे निपटेंगे..?

शहर में पार्किंग, हाथ ठेलों, सड़क किनारे सब्जी वालों के लिए कोई व्यवस्था स्थानीय स्तर पर निर्धारित नहीं है. यदि है भी तो उसे बनाने के बाद नियमित संचालन के लिए मुढ़कर भी नहीं देखा. परिणामस्वरूप नगर में बाजार की गलियां बाईकों, हाथ ठेलों से चोक हो चुकी है. ऐसे में सवाह यह उठता है कि आपात स्थिति में नगर पालिकों और स्थानीय प्रशासन के पास निपटने के लिए प्लान बी क्या है. उदाहरण स्वरूप अक्सर इस प्रकार के तंग स्थानों पर आगजनी, भगदड़, विवाद जैसी स्थिति में निकलने की जगह नहीं होती. नतीजा जन और माल ही हानि के रूप में सामने आता है. जहां पैदल निकलना दूभर है वहां फायर ब्रिगेड कैसे पहुंचेगी यह भी समझा जा सकता है. शहर में आसपास की खाली जगहों पर नगर पालिका को टू व्हीलर पार्किंग करना चाहिए. साथ ही मेन मार्केट में बाईक और खास तौर पर चार पहियों वाहनों के प्रवेश को रोका जाना चाहिए. बर्तन बाजार की ओर से सुठालिया रोड़ से होकर अधिकांश कार और लोडिंग वाहन भी प्रवेश कर जाते है जिससे कई बार जाम लग जाता है. ऐसे में नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन को बाजार की व्यवस्था को गंभीरता से लेना चाहिए अन्यथा किसी दिन परिणाम किसी बड़ी घटना के रूप सामने आएंगे और उस समय जवाबदारों के पास पर जवाब होगा और ना ही जवाबदेही.

### मेन मार्केट के प्रति इतनी अनदेखी क्यों?

मैन मार्केट में लम्बे समय से अव्यवस्थाएं देखी जा रही है. यहां हो रहे अस्थाई अतिक्रमण, बेतरतीब खड़े रहने वाले ठेले, वाहनों पर किसी तरह का कोई नियंत्रण नहीं रहता. त्यौहारों एवं शादी ब्याह के सीजन में जब बाजार में भारी भीड़ रहती है उस समय भी यहां व्याप्त अव्यवस्थाओं के प्रति अनदेखी बनी रहती है. मैन मार्केट जैसी मुख्य जगह पर अव्यवस्थाओं के प्रति अनदेखी हर किसी का ध्यान खींचती है.

## 'टोटी लगाओ अभियान' के तहत जागरुकता

**राजगढ़ 05 अप्रैल, का.** मध्यप्रदेश शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रविवार को विकासखंड जीरापुर के ग्राम ब्राह्मणगांव एवं झरनी में नलों में टोटियां नहीं पाई गईं, वहां 'टोटी लगाओ अभियान' के तहत तत्काल टोटियां लगाने का कार्य कराया गया. साथ ही जलकर राशि जमा करने के लिए जागरूक किया गया. जल निगम के प्रबंधक श्री सचिन दांगी, एसक्यूसी रामबाबू वर्मा, वाल्व ऑपरेटर एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे. ग्राम झरनी की महिला सरपंच श्रीमती धापूबाई वर्मा ने स्वयं टोटी लगाकर सक्रिय भूमिका निभाई एवं ग्रामीणजनों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ ही हितग्राही से जलकर राशि भी जमा कराई. अभियान में ग्रामीणजनों को समझाइश दी गई कि वे पानी का सदुपयोग करें एवं अनावश्यक रूप से पानी को व्यर्थ न बहाएं. ग्रामीणों ने भी जल संरक्षण के इस अभियान में सहयोग करने का संकल्प लिया. जिला प्रशासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लगातार जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं जल के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं.

# सायबर फ्रॉड के दो मामले सुलझे, राशि लौटाई

## ऑपरेशन मनी बैक : 7 .23 लाख राशि वापस

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 05 अप्रैल, का. पुलिस ने साईबर फ्रॉड के दो मामलों को सुलझाते हुए पीड़ित पक्ष को धोखाधड़ी में गई रकम वापस लौटाने में मदद की है. पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के प्रकरणों में पीड़ितों को राहत दिलाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन मनी बैक अभियान के अंतर्गत जिला राजगढ़ पुलिस की सायबर सेल द्वारा त्वरित, तकनीकी एवं समन्वित कार्यवाही करते हुए कुल 7.23 लाख की राशि पीड़ितों को सफलतापूर्वक वापस कराई गई.**

### फर्जी स्टॉक मार्केट निवेश के नाम पर ठगी

बीते 18 दिसम्बर 2025 को फरियादी रामप्रसाद दांगी, निवासी ग्राम हालाहेड़ी, तहसील खिलचीपुर, द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई कि अज्ञात आरोपियों ने फेसबुक एवं व्हाट्सएप के माध्यम से फर्जी निवेश प्लेटफॉर्म का झांसा देकर अधिक लाभ का प्रलोभन दिया. आरोपियों द्वारा फरियादी से विभिन्न बैंक खातों में राशि जमा कराई गई एवं बाद में निकासी के नाम पर अतिरिक्त राशि की मांग की गई. इस संबंध में थाना खिलचीपुर में अपराध क्रमांक 461/2025 धारा 318(4), 318(2), 61(2)(ड्ड), 316(5) बीएनएस एवं 74 आईटी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया. तकनीकी विश्लेषण एवं बैंक समन्वय के माध्यम से संदिग्ध खातों की पहचान कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार एक खाते से 6 लाख 92 हजार 607 रूपए की राशि डि-फ्रीज कराकर फरियादी को वापस दिलाई गई.

### टेलीग्राम के माध्यम से ट्रेडिंग फ्रॉड

फरियादी आयुष मेवाड़े द्वारा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई कि टेलीग्राम के माध्यम से ट्रेडिंग के नाम पर प्रलोभन देकर धोखाधड़ी की गई. त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक खातों में 30 लाख 754 रूपए की राशि होल्ड कराई गई, जिसे न्यायालयीन आदेश उपरांत फरियादी को सफलतापूर्वक वापस कराया गया.

## हाई-कैपेसिटी वॉशिंग मशीनों से बेडशीट धुलाई

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 05 अप्रैल, का.** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के सतत प्रयासों से जिला अस्पताल राजगढ़ में आधुनिक हाई-कैपेसिटी वॉशिंग मशीनों के माध्यम से बेडशीट धुलाई की नई व्यवस्था प्रारंभ की गई है. इस पहल से अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ ही मरीजों को संक्रमण के खतरे से राहत मिलेगी. तीन हाई-कैपेसिटी मशीनों के माध्यम से अब मात्र 30 मिनट में लगभग 100 बेडशीट की धुलाई संभव हो सकेगी. पूर्व में धुलाई नालों/नदी के पानी से हो रही थी.

# सीसी सड़क पर गंदगी का अंबार, परेशानी से सामना

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 05 अप्रैल, सं. सारंगपुर जनपद सीईओ को अवगत कराने के बाद भी नहीं व्यवस्था नहीं सुधरी. उल्लेखनीय है कि आवास कॉलोनी के 200 घरों के लोगों के लिए बना आम रास्ता सीसी सड़क पर गंदगी एवं गंदा पानी इन दोनों प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के कारण आमजन लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.**

पड़ाना आवास कॉलोनी के 200 घरों के लोगों के लिए बनी सीसी सड़क हायर सेकेंडरी स्कूल



के उल्टे हाथ पर जो एक आम रास्ता जहां से बारिश का पानी भी निकलता है.

जहां पानी निकासी एवं पक्की नाली निर्माण नहीं होने के कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ है यही गंदा पानी स्कूल परिसर में बनी आंगनबाड़ी केंद्र खेल मैदान एवं मुख्य गेट के यहां गंदा पानी जमा हो रहा है. जिससे मच्छर के अलावा रहने वाले जानवर पनप रहे है. जिससे आसपास के रहवासियों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बल्कि बच्चों के अलावा खेल गतिविधि एवं शिक्षा भी प्रभावित हो रही है.



## शॉर्ट सर्किट से एक बीघा की फसल जल कर राख

**नवभारत न्यूज, जीरापुर 05 अप्रैल, सं.** समीपवर्ती ग्राम धतरावदा में एक खेत में भीषण आग लग गई. देखते ही देखते खेत में रखी फसल नष्ट हो गई. यह आग 33 केवी विद्युत लाईन में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिससे करीब एक बीघा में कटी पड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई. स्थानीय लोगों ने बताया कि धतरावदा निवासी गिरधारीलाल गुर्जर के खेत में कटी हुई गेहूं की फसल रखी थी. पास ही करण सिंह गुर्जर के खेत में रखा गेहूं का भूसे और करीब 20 पाईप छड़ी 33 केवी विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी के कारण फसल को अपनी चपेट में ले लिया. आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में फसल जल कर नष्ट हो गई. सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची. ग्रामीणों की मदद ओर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. समय रहते आग बुझाने से आसपास के खेतों में कटी पड़ी अन्य फसलें सुरक्षित बच गईं.

# जिला अस्पताल में सभी 19 वार्ड वातानुकूलित

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 05 अप्रैल, का. कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के सतत प्रयासों से जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है. अस्पताल के सभी 19 वार्डों को वातानुकूलित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिससे मरीजों को अब बेहतर एवं अनुकूल उपचार वातावरण प्राप्त होगा.**



उल्लेखनीय है कि सीएसआर फंड के माध्यम से लगभग 50 एयर कंडीशनर क्रय किए जा रहे हैं, जिन्हें अस्पताल के विभिन्न वार्डों में स्थापित किया जाएगा. यह व्यवस्था विशेष रूप से गर्मी के मौसम में मरीजों को राहत प्रदान करेगी तथा नियंत्रित तापमान के कारण मरीजों की रिकवरी में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा. साथ ही अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है. इसी उद्देश्य से वार्डों में तापमान नियंत्रण की आधुनिक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे संक्रमण के जोखिम में कमी आएगी तथा मरीजों को आरामदायक वातावरण मिलेगा.

अस्पताल के विभिन्न वार्डों जैसे मेडिसिन, सर्जिकल, पीडियाट्रिक, आईसीयू सहित अन्य विभागों में एसी स्थापित किए जाने से सभी वर्ग के मरीजों को इसका लाभ मिलेगा. साथ ही नवजात एवं गंभीर रोगियों के लिए यह व्यवस्था विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगी.

**पेयजल** | फिर बढ़ा पेयजल सप्लाई का अंतराल, व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो गहरा सकता है संकट

# कुशलपुरा की दो मोटरें खराब, डगमगाई पेयजल व्यवस्था

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 05 अप्रैल, का. नगर में पेयजल सप्लाई का अंतराल कम होने का नाम नहीं ले रहा है, वर्तमान में एक बार फिर कुशलपुरा डेम स्थित 2 विद्युत मोटर में खराबी के कारण अंतराल बढ़ा है, समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो पेयजल संकट अधिक गहरा सकता है.**



गौरतलब है कि विगत कई माह से पेयजल सप्लाई का अंतराल बढ़ा हुआ है. 6 से 7 दिन या इससे भी अधिक दिनों में पेयजल सप्लाई हो पा रही है. वर्तमान में कुशलपुरा डेम पर इंटकवेल पर स्थित 20 एवं 25 एचपी की दो विद्युत मोटर में एक के बाद एक खराबी आने के कारण नगर में पेयजल सप्लाई कम होने से सप्लाई का अंतराल बढ़ा है.

**सुदामा नगर में आठवें दिन हुई पेयजल सप्लाई** = 5 अप्रैल रविवार को सुदामा नगर में पेयजल सप्लाई की गई, इसके पूर्व यहां बीते रविवार एवं इसके पूर्व भी रविवार को पेयजल सप्लाई होना बताया जाता है. इस तरह वर्तमान में यहां सप्ताह में रविवार के दिन पेयजल सप्लाई हो रही है. यह भी बताया गया कि 5 अप्रैल को हुई पेयजल सप्लाई का समय भी कम रहा. इस तरह कई दिनों में पेयजल सप्लाई होने से पानी को लेकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

**गर्मी में पानी की अधिक आवश्यकता**- गर्मी के दिनों में पानी की आवश्यकता कहीं अधिक होती है. अप्रैल माह के इन दिनों में गर्मी का भारी प्रकोप रहता है, किंतु विगत दिवस तेज हवाओं, बारिश के कारण गर्मी के तेवर कमजोर पड़े है. इससे काफी राहत मिली है. नपा के पेयजल सप्लाई प्रबंधन के अनुसार कुशलपुरा डेम पर दो विद्युत मोटर में खराबी के कारण पेयजल सप्लाई का अंतराल बढ़ा है, जल्द ही व्यवस्था में सुधार होकर पेयजल सप्लाई का अंतराल कम होगा.

## ग्रामीण अंचलों में बढ़ेगी पेयजल चुनौती

**नवभारत न्यूज, पड़ाना 05 अप्रैल, सं.** कुंडलिया डैम परियोजना अधिकांश गांव में धरातल तक भी नहीं पहुंचा शुद्ध जल समीप ग्राम रामपुरिया खेड़ा साधनखेड़ी मगराना यहां के लोग निजी ट्यूबवेल, हैंडपंप व बावड़ी जंगलों इत्यादि जल स्त्रोतों के माध्यम से दैनिक दिनचर्या में लगने वाले पानी का उपयोग कर रहे हैं. ग्रामीणों के अनुसार शुद्ध जल मुहैया करने के उद्देश्य से बनी पानी की टंकी केवल शोपीस बनकर खड़ी हुई है गांव में लाइन का काम अधूरा पढ़ा हुआ है. वहीं कहीं गांव में नल कनेक्शन का कार्य बाकी है. ऐसे में इन ग्रामीणों को कब शुद्ध जल मुहैया होगा अभी भी विचारणी पहलू है. रामपुरिया खेड़ा सरपंच प्रतिनिधि महेश जाट का कहना है कि साधन खेड़ी, रामपुरिया खेड़ा, मगराना, तीनों गांव की आबादी लगभग 3500 जनसंख्या है तीनों गांव के बीच में एक की टंकी बनी हुई है. तीनों गांव में नल कनेक्शन कार्य भी अधूरा पड़ा हुआ है. अभी तक कोई पानी की सप्लाई नहीं की गई लोग इधर-उधर जंगल से एवं निजी जल स्त्रोतों से दैनिक दिनचर्या में लगने वाला पानी इधर-उधर से ला रहे हैं.



# मानसिक कमजोर थी मृतका मां ने की शव की पहचान

## खिलचीपुर में गाड़गंगा नदी में 5 दिन पहले मिले शव की शिनाख्त हुई

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 05 अप्रैल, सं. गाड़गंगा नदी में चार दिन पहले मिले महिला का शव तैरते हुए मिला था. उसकी अब शिनाख्त हो गई है. मृतका की पहचान श्यामू बाई नाथ (28) निवासी ज्वालापुरा राजगढ़ के रूप में हुई है. मृतका की मां प्रेमबाई नाथ सूचना मिलने पर खिलचीपुर थाने पहुंची और नदी में मिले शव को देखने की बात कही.**

इसके बाद पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल राजगढ़ शवग्रह लेकर पहुंची. यहां शव को देखकर प्रेमबाई ने उसकी पहचान अपनी बेटी श्यामू बाई के रूप में की है. मृतका की मां प्रेमबाई के अनुसार उसकी बेटी मानसिक रूप से कमजोर थी. इसके चलते शादी के बाद उसके पति ने करीब सात से आठ साल पहले उसे वापस मायके भेज दिया था.

तब से ही श्यामू बाई अपनी मां के साथ ज्वालापुरा गांव में रह रही मां ने बताया कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह घर से निकलकर कभी राजगढ़ तो कभी खिलचीपुर की ओर घूमने चली जाती थी.

पिछले कुछ दिनों से वह घर से लापता थी. इसी दौरान 1 अप्रैल को उन्हें खिलचीपुर की नदी में किसी महिला के शव मिलने की सूचना मिली. इस दौरान उन्होंने अपनी बेटी को कई जगह ढूंढा था. रविवार को मां द्वारा शिनाख्त किए जाने के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया है. पुलिस मामले में आगे की जांच भी कर रही है.